UPSI180001792009

न्यायालय Civil Judge Junior Division, Mahmoodabad, Sitapur

पीठासीन अधिकारी- (Amit Singh), (उ०प्र० न्यायिक सेवा) - UP02519

मूलवाद सं० Civil Suit/253/2009

Smt kiran devi Vs. Ramkumar and others

14.09.2021

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर वादिनी एवं प्रतिवादीगण के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। वास्ते आ0 नि0 प्रतिस्थापन प्रा0 पत्र 57क नियत है।

निस्तारण प्रार्थना–पत्र 57क–

वादिनी की ओर प्रा0 पत्र 57क अं0 आदेश 22 नियम 4 एवं आदेश 6 नियम 17 सी0पी0सी0, मय शपथ–पत्र प्रस्तुत करते हुए यह कथन किया गया कि दिनांक 19.05.2021 को प्रतिवादी सं0 1 रामकुमार की मृत्यु हो गई है जिसके उत्तराधिकारी मृतक प्रतिवादी सं0 1 के दो पुत्रगण पृथ्वीपाल एवं छत्रपाल हैं जिन्हे प्रतिवादी सं0 1 के स्थान पर वाद में प्रतिस्थापित किया जाना आवश्यक है। इस कारण उपरोक्त वर्णित वारिसान को मृतक प्रतिवादी रामकुमार के स्थान पर वाद में प्रतिस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाय। उक्त प्रार्थना–पत्र पर कोई आपत्ति दाखिल नहीं है।

सुना एवं पत्रावली का परिशीलन किया।

प्रा0 पत्र 57क अं0 आदेश 22 नियम 4 एवं आदेश 6 नियम 17 जा0 दी0 प्रतिवादी सं0 1 रामकुमार की मृत्यु हो जाने के कारण उनके उत्तराधिकारियों के वाद में प्रतिस्थापन के बाबत प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त मृतक प्रतिवादी सं0 1 के स्थान पर उसके उत्तराधिकारियों का वाद में प्रति1स्थापन वाद के गुण–दोष के निस्तारण हेतु आवश्यक है। प्रार्थना–पत्र औपचारिक प्रकृति का है। प्रार्थना पत्र के विरूद्ध कोई आपत्ति दाखिल नहीं है। तद्नुसार प्रा0 पत्र बाबत प्रतिस्थापन स्वीकार किये जाने योग्य है।

आदेश

प्रार्थना–पत्र प्रतिस्थापन 57क अर्न्तगत आदेश 22 नियम 4 एवं आदेश 6 नियम 17 सी0पी0सी0 स्वीकार किया जाता है। वादिनी संशोधन अन्दर सप्ताह करे। पत्रावली वास्ते साक्ष्य दि0 27.09.2021 को पेश हो।

सिविल जज (जू0 डि0)
महमूदाबाद,सीतापुर।

J.O. Code-UP-2519

अजय/–

Digitally signed by Amit Singh
Date: 2021.09.14 17:26:32 IST
Reason: Order
Location: Civil Judge J.D./J.M.
Mahmoodabad, Sitapur.